दैनिक
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 321 मुरादाबाद 24 March 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## कल को साढ़े चार बजे इकाना स्टेडियम में योगी लेंगे शपथ, रमापति शास्त्री बने प्रोटेम स्पीकर




25 मार्च को होने वाले योगी के शपथ ग्रहण समारोह के कार्यक्रम का समय अब फाइनल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार शाम साढ़े चार बजे लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में योगी आदित्यनाथ सीएम पद की शपथ लेंगे। उनके साथ 45 और विधायक भी मंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर एयरपोर्ट से स्टेडियम तक बड़ी तैयारियां की जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार स्टेडियम में करीब 70 हजार से एक लाख लोग तक शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं। हालांकि उससे पहले विधायक दल की बैठक होनी है जिसमें योगी आदित्यनाथ को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। वहीं दूसरी ओर योगी आदित्यनाथ की शपथ से पहले प्रोटेम स्पीकर को भी नियुक्त कर दिया गया है। यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधायक रमापति शास्त्री को नया प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। रमापति शास्त्री पूर्व मंत्री भी हैं। नवनियुक्त प्रोटेम स्पीकर रमापति शास्त्री को राज्यपाल 26 मार्च को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। इसके बाद रमापति शास्त्री निर्वाचित सभी विधायकों को भी शपथ दिलाएंगे।

### योगी के शपथ ग्रहण समारोह में ये लोग रहेंगे मौजूद

25 मार्च को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाले भव्य शपथ ग्रहण समारोह में देश की राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक और उद्योग जगत की नामचीन हस्तियां मौजूद रहेंगी। दर्जनभर राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कई उपमुख्यमंत्रियों ने शपथ ग्रहण समारोह में आने की सहमति जताई है। कई शंकराचार्य और प्रमुख उद्योगपति भी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह को भव्यता देने के प्रयासों में सरकार और संगठन दोनों जुटे हैं। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, अनुराग ठाकुर, डा. महेंद्रनाथ पांडेय सहित यूपी कोटे के तमाम मंत्री शामिल होंगे।

### एयरपोर्ट से लेकर स्टेडियम तक हो रही सजावट

इकाना स्टेडियम में 25 मार्च को होने वाले योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। स्टेडियम में आने वालों के लिए 80 शौचालयों की व्यवस्था की जा रही है। स्टेडियम को 10 भागों में बांटकर सफाई कराई जा रही है। एयरपोर्ट से स्टेडियम तक 5000 गमले और 150 वर्टिकल गार्डन बनाए जाएंगे। स्टेडियम में 80 शौचालयों की व्यवस्था की जा रही है, इनमें से 16 वीआईपी शौचालय हैं। इसके अलावा 27 मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था भी की गई है। स्टेडियम के सभी स्टैंड व मैदान में बिछाई गईं 27,000 कुर्सियों के आसपास सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का काम होगा। जल संस्थान पानी के टैंकर्स की व्यवस्था करेगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## पीएम मोदी ने बिहार और झारखंड के भाजपा सांसदों से की मुलाकात, प्रदेश में पार्टी के कामकाज समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा



नई दिल्ली- प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार और झारखंड के बीजेपी सांसदों से मुलाकात की। बैठक के दौरान बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, आरके सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, निशिकांत दुबे समेत 24 से अधिक सांसद मौजूद रहे।

### चार राज्यों में बीजेपी की जीत पर चर्चा

बैठक के बाद समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, बिहार के सांसद प्रदीप सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने चार राज्यों में पार्टी की हालिया जीत के प्रभाव के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 卐पीएम मोदी ने हमसे एक परिवार के अभिभावक के तरह मुलाकात की है। वह पहले प्रधानमंत्री हैं जो अपने सांसदों से अक्सर मिलते हैं।卐 साथ ही सिंह ने बताया कि पीएम मोदी सभी राज्यों के सांसदों से एक-एक कर मुलाकात कर रहे हैं।

### प्रदेश में पार्टी के कामकाज को लेकर ली जानकारी

प्रदीप सिंह ने बताया कि बैठक मुख्य रूप से प्रदेश में पार्टी के कामकाज को लेकर जायजा लेने के लिए थी। इस दौरान सभी ने एक साथ नाश्ता किया, साथ ही एक ग्रुप फोटो क्लिक की है। पीएम मोदी ने सांसदों से ताजा अपडेट के बारे में भी जानकारी ली है। बैठक में संगठनात्मक बातचीत के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, 卐जब पार्टी के सांसद प्रधानमंत्री के साथ बैठक कर रहे हैं, तो एक राष्ट्रीय अध्यक्ष होना अनिवार्य है। उन्होंने बैठक में कुछ नहीं कहा। कोई बड़ी बात नहीं है, जेपी नड्डा भी एक सांसद हैं।

### संसद सत्र के दौरान पीएम करते हैं सांसदों से मुलाकात

एएनआई से बातचीत में सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान सांसदों ने अपना परिचय दिया और पीएम मोदी के साथ अपने अनुभव साझा किए। यह एक संक्षिप्त बैठक थी, जो कि सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट थी। गौरतलब है कि पीएम मोदी अक्सर संसद सत्र के दौरान अलग-अलग राज्यों के सांसदों से मिलते हैं। इससे पहले बजट सत्र के दौरान भी उन्होंने कई राज्यों के सांसदों से मुलाकात की थी। पीएम मोदी इन बैठकों में गैर-राजनीतिक मुद्दों पर अधिक बात करते हैं, जो कि ज्यादातर सांसदों को और अधिक प्रेरित करने के बारे में होती हैं। हाल ही में पीएम मोदी ने उत्तर पूर्व, उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य राज्यों के सांसदों के साथ बातचीत की थी।

## आज से शुरू होंगी 10वीं-12वीं की परीक्षाएं, परीक्षा व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम तैयार




उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ( यूपी बोर्ड ) की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा आज यानि गुरुवार को एक साथ शुरू होगी। दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी परीक्षा कहे जाने वाले इस इम्तिहान में कुल 51,92,689 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों की ही परीक्षाएं 24 मार्च से शुरू होकर 12 अप्रैल तक चलेंगी। वहीं, परीक्षा की व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया है जिसका उद्घाटन बुधवार को प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने किया  दुर्गाशंकर मिश्र ने बताया कि इस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए कुल 2,97,124 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सीधे प्राप्त होगी और पूरे प्रदेश में बनाए गए स्ट्रांग रूम के जरिए वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में एक टीम संपूर्ण परीक्षा पर बारीकी से नजर रखेगी। इसके अलावा, जिला स्तर पर 75 तथा विद्यालय स्तर पर 8373 नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। परीक्षा पर नजर रखने के लिए 8373 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

### परीक्षा कराने के लिए बनाए गए 8373 केंद्र

यूपी बोर्ड के अनुसार, इस बार हाई स्कूल में 15,53,198 छात्र तथा 12,28,456 छात्राएं परीक्षा देंगी। वहीं, इंटरमीडिएट में 13,24,200 छात्र तथा 10,86,835 छात्राएं इम्तिहान देंगी। इस तरह कुल 51,92,689 परीक्षार्थी इस बार की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। संख्या के लिहाज से उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं को दुनिया की सबसे बड़े पैमाने पर आयोजित की जाने वाली परीक्षा माना जाता है। बोर्ड परीक्षाएं कराने के लिए कुल 8373 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 497 राज्य की 3589 अशासकीय सहायता प्राप्त तथा 4307 वित्तविहीन विद्यालय शामिल हैं। बोर्ड ने 861 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील तथा 254 केंद्रों को अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा है।

## 112 वीं जयंती के अवसर पर सपा कार्यालय पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- बुधवार को महान समाजवादी चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया जी की 112 वीं जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास फर्रुखाबाद पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित सपा नेताओं ने डॉ राम मनोहर लोहिया प्रतिमा स्थल आवास विकास पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया। विचार गोष्ठी मे समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मन्दीप यादव एडवोकेट, कायमगंज क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी सर्वेश अंबेडकर, वरिष्ठ नेता यूनुस अंसारी, ओम प्रकाश शर्मा, राघव दत्त मिश्र, हरिओम दयाल, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष अनुराग यादव, सौरव कटियार, डॉक्टर नवरंग सिंह यादव, साजिद अली, बीना शर्मा आदि ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता रमेश चंद कठेरिया ने की तथा संचालन मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष शशांक सक्सेना ने किया इस अवसर पर वेंचेंलाल यादव, युसूफ अंसारी, अमित कठेरिया, केशव पाल सिंह, मुजिबुल हसन, अमित यादव, बृजेश यादव, मुख्तार आलम, इरशाद हाशमी सहित तमाम कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आबकारी की छह दुकानों का लाटरी के माध्यम से हुआ आवंटन



प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

**छह दुकानों में से चार दुकानों पर महिलाओं के नाम निकली लाटरी**

श्रावस्ती -कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में एसपी अरविंद कुमार मौर्य व आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सदस्य सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन गोंडा, जिला आबकारी अधिकारी की मौजूदगी में लाटरी के माध्यम से आबकारी की छह दुकानों का आवंटन किया गया। इसमें एक देशी शराब, तीन विदेशी मदिरा, एक बियर व एक भांग की दुकानों की प्रथम चरण की लाटरी संपन्न कराई गई। जिसमें लाटरी के माध्यम से दुकानों को आवेदकों को आवंटित की गई।

जिला आबकारी अधिकारी पीके गिरि ने बताया कि लाटरी प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद देशी शराब चौबेजोत की दुकान बलरामपुर की रंजना तिवारी, विदेशी मदिरा रत्नापुर की दुकान बहराइच की ममता सिंह, बदला चौराहा अंग्रेजी शराब की दुकान इकौना के अटल बिहारी, जोखवा बाजार में अंग्रेजी शराब की दुकान बहराइच के प्रमोद कुमार, खैरीमोड़ स्थित बियर की दुकान गोंडा निवासिनी राजेश्वरी देवी व सिरसिश्या में भांग की दुकान बहराइच की गुड़िया पांडे को आवंटित की गई है।उन्होंने बताया कि छह दुकानों में से चार दुकानों पर महिलाओं के नाम से लाटरी निकली है।

# भाजापा कार्यालय पर प्रथम आगमन पर एमएलसी प्रत्याशी का जोरदार स्वागत

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती -भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती/बहराइच स्थानीय निकाय एमएलसी प्रत्याशी के नाम घोषित होने के बाद एमएलसी प्रत्याशी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी का श्रावस्ती भाजपा कार्यालय पर प्रथम आगमन हुआ। जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले ब्लॉक प्रमुखों एवं जिला पंचायत सदस्यों के साथ आगे की रणनीति बनायी गयी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पदमसेन चौधरी, जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा तथा विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय उपस्थित रहे। मंगलवार भाजपा जिला कार्यालय भिनगा में एमएलसी चुनाव हेतु जनसंपर्क को गति देने हेतु एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा बैठक में उपस्थित ब्लॉक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्योंको संबोधित करते हुए कहाकि भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुझ जैसी एक सामान्य कार्यकर्ता इतना बढ़ा सम्मान देकर एक बार फिर साबित कर दिया कि भाजपा में ही कार्यकर्ताओं का सम्मान और भविष्य सुरक्षित है। एमएलसी का चुनाव मेरे लिए श्रावस्ती और बहराइच की सेवा करने का एक अवसर है। जैसा की भारतीय जनता पार्टी में बिना किसी जातिपाति के सभी वर्गों का सम्मान करते हुए सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के आधार पर किया जा रहा मैं भी उसी क्रम में ग्राम प्रधान, बीडीसी ब्लॉक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों एवं सभासदों के अधिकारों व सम्मान हेतु सदैव खड़ी मिलूंगा इसके लिए आप सभी का विषय, समस्याएं व अपेक्षाओं सही पटल पर रखकर उनका निराकरण करना मेरा प्रथम कर्तव्य रहेगा। जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी के रूप में एक योग्य और अनुभवी प्रत्याशी दिया है जिनका देवी पाटन मण्डल में समाजसेवा व चिकित्सा क्षेत्र में बहुत ही प्रतिष्ठित नाम है। प्रदेश उपाध्यक्ष पदमसेन चौधरी ने कहाकि हम सभी को ब्लॉकवार अपने मतदाताओं को चिन्हित कर उनसे संपर्क करना है और वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के कार्यों व नीतियों जन जन बहुत ही प्रभावित है इसलिए हर कोई भाजपा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहता है। इसलिए निश्चित ही एमएलसी के चुनाव में जीत की एक ऐसी लंबी लकीर खिंचेगी जिसमें श्रावस्ती व बहराइच के मतदाताओं की बड़ी संख्या डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी के साथ खड़ी मिलेगी। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहाकि हम सभी को संघे शक्ति कलयुगे वाक्य को चरितार्थ करते हुए बहराइच/श्रावस्ती के इस संयुक्त चुनाव में श्रवस्ती की भागीदारी ऐसे सुनिश्चित करनी की श्रावस्ती की ग्राफ सबसे ऊपर नज़र आये क्योंकि डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी के रूप में हम सभी को ऐसी प्रत्याशी मिलो है जिन्हों अपने हॉस्पिटल के माध्यम से, अपने जनसेवा के माध्यम दोनों जनपद वासियों के दिल जीता है। श्रावस्ती विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहाकि श्रावस्ती बहराइच में डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी कोई नया नाम नही है। दोनों जनपद में डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी को एमएलसी प्रत्याशी बनाये जाने से खुशी की लहर है और डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी एक ऐतहासिक जीत दर्ज करके कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहाकि स्थानीय निकाय का चुनाव चिन्हित मतदाताओं का चुनाव होता है इसलिए हम सभी को सभी से संपर्क कर भाजपा की नीतियों को बताए हुए तथा अपने प्रत्याशी के बारे में बताते हुए उन्हें भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने हेतु प्रेरित करना है। इस दौरान संजय कैराती पटेल, शंकर दयाल पाण्डेय, जगदंबिका वर्मा, जिले के सभी ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष भारी संख्या में ग्राम प्रधान एवं बीडीसी उपस्थित रहे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न होगी हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज

## नकल कराने वालों पर रासुका के तहत कार्रवाई का आदेश

लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -कड़ी सुरक्षा के बीच जिले के 37 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं 24 मार्च से 12 अप्रैल तक चलने वाली परीक्षाओं को नकलविहीन माहौल में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा निगरानी से जुड़े सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। परीक्षा तैयारियों को अंतिम स्वरूप देते हुए परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र बांटने का कार्य सोमवार से ही स्कूल कालेजों में शुरू हुआ। प्रवेश पत्र लेने वाले छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में हुए बदलाव के बारे में भी केंद्र व्यवस्थापक स्तर से जरूरी जानकारी दी जा रही है। दूसरी तरफ छात्रों का कहना है कि बिना पाठ्यक्रम पूरा कराए ही बोर्ड परीक्षाओं का संचालन शुरू कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सौ मीटर दूरी तक नही हो सकेगा प्रवेश परीक्षा केंद्रों के सौ मीटर की दूरी तक धारा 144 लागू रहेगा। परीक्षा केंद्रों से एक किमी की दूरी तक फोटो कापी व स्कैन कार्य परीक्षा जारी रहने तक नही होगा। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक परिवहन के लिए भी आदेश है कि परीक्षा केंद्रों पर आने जाने की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नकल करवाने वालों पर रासुका नकल कराने वालों पर रासुका के तहत कार्रवाई का आदेश दिया गया है। पहली बार सॉफ्टवेयर के माध्यम से परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों और कर्मियों की तैनाती की जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों का वितरण डीएम द्वारा नामित अधिकारी ही कराएंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। परीक्षा व्यवस्था पर निगाह रखने के लिए जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की निगरानी रहेगी। इसके साथ ही प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर सहायता या शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर, ट्विटर हैंडल, फेसबुक पेज एवं डेडीकेटेड ई-मेल आईडी प्रदर्शित किया गया है।-संत प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# दीन के साथ दुनियावी तालीम जरूरी: नवाब जान




मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा में बुधवार का मदरसा दारुल उलूम शफीउल बरा में सपा विधायक नवाब जान ने संस्था के छात्र-छात्राओं को ड्रेस का वितरण किया। मुख्य अतिथि सपा विधायक नवाब जान ने कहा कि दीनी तालीम हासिल कर रहे छात्र-छात्राओं के हाथ में कुरान तो दूसरे हाथ में कंप्यूटर होना चाहिए। संस्था के प्रबंधक खुर्शीद अनवर ने बताया कि संस्था के छात्र छात्राओं को ड्रेस निशुल्क दी जाती है।

उन्होंने बताया कि मदरसे में कुरान शरीफ के अलावा हिंदी, अंग्रेजी, गणित, साइंस और अन्य दीगर सब्जेक्ट पढ़ाए जाते हैं। इस दौरान हाजी मोहम्मद हनीफ, हाजी मोहम्मद शफीक, हाजी हबीब उर रहमान, खुर्शीद अली,हाजी अब्दुल वाजिद आदि मौजूद रहे।

# भूपेंद्र सिंह चौधरी योगी सरकार में फिर से बन सकते हैं मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष बनने की चर्चा भी जोरों पर



मुरादाबाद-जाट बिरादरी में मजबूत पकड़ रखने वाले भूपेंद्र सिंह चौधरी फिर से योगी आदित्यनाथ की सरकार में कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं। संगठन का भी भूपेंद्र सिंह को बड़ा अनुभव है। इसलिए उन्हें टीम यूपी में भी बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। भूपेंद्र सिंह ने संगठन में लंबे समय तक काम किया है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री की भूमिका में उनका काम अच्छा रहा। संगठन में मेहनत करने का ही उन्हें लाभ मिला है। पिछली योगी सरकार में वह पंचायती राज मंत्री रहे हैं। जाटलैंड में उनके प्रयासों से भाजपा को काफी मजबूती मिली है। पार्टी ने उन्हें जाटलैंड की नाराजगी को दूर करने के लिए लगाया था। वहां उनके लगातार जमे रहने का पार्टी को विधानसभा चुनाव में लाभ मिला है। हालांकि मुरादाबाद मंडल में भाजपा की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं रही है। इसके बाद भी इस बार उन्हें मंत्रीमंडल में शामिल किए जाने की चर्चा है। इसके पीछे उनकी पार्टी को मजबूत किए जाने के लिए मेहनत करना माना जा रहा है। मंत्रीमंडल में स्थान नहीं मिलने पर उनकी संगठन में मजबूती के साथ वापसी होने की भी संभावना है। स्वतंत्र देव सिंह के सरकार में मंत्री बन जाने के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पद भी खाली हो जाएग। प्रदेशाध्यक्ष का पद पिछड़ी जाति से भरा जाएगा। इसलिए भूपेंद्र सिंह को भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने की भी चर्चा है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि भाजपा भूपेंद्र सिंह को संगठन की अहम जिम्मेदारी सौंपकर जाटों को खुश करने का काम कर सकती है। संगठन को चलाने में भूपेंद्र सिंह पहले से ही निपुण हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भाजपा के प्रदेशध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी को कई तरह से लाभ होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन और अच्छा रहेगा। पार्टी को इस क्षेत्र में मजबूती मिलेगी।

# प्रधानों की समस्याओं का जल्द कराया जाए समाधान




मुरादाबाद-बुधवार को कुंदरकी ब्लॉक सभागार में अखिल भारतीय प्रधान संगठन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राजेन्द्र सिंह ने की। संचालन सुभान पाशा ने किया। बैठक में खंड विकास अधिकारी श्वेता वर्मा का घेराव कर समस्याओं से अवगत कराया। प्रधानों द्वारा आरोप लगाया कि निर्माण कार्य करने के बाद भी भुगतान में देरी की जा रही है। जल्द से जल्द भुगतान की मांग की गई है। प्रधानों को ब्लॉक स्तर से आ रही समस्या को समाधान का बीडीओ श्वेता वर्मा द्वारा आश्वासन दिया गया। इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष दिलशाद हुसैन, सुबहान पाशा, ब्रजपाल सिंह, सैनी, नरेंद्र सिंह, अरकान, राशिद, आफ़ताब आदि मौजूद रहें।

# आजम खां के बेटे अब्दुल्ला के जन्म प्रमाण पत्र मामले में नहीं हो सकी सुनवाई, अब 30 मार्च को बचाव पक्ष करेगा जिरह



मुरादाबाद-रामपुर- सांसद आजम खां के बेटे अब्दुल्ला के जन्म प्रमाण पत्र मामले में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 30 मार्च नियत की है। भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने सांसद और उनके परिवार के खिलाफ अब्दुल्ला के प्रमाण पत्रों से संबंधित तीन मुकदमे दर्ज कराए थे।

इनमें आरोप है कि अब्दुल्ला के अलग-अलग जन्मतिथि के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाए गए हैं। बाद में दो पासपोर्ट और दो पैन कार्ड भी बनाए गए। जन्म प्रमाण पत्र मामले में सांसद के अलावा उनकी पत्नी शहर विधायक डा. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला भी आरोपित हैं, जबकि पैनकार्ड मामले में सांसद और अब्दुल्ला आरोपित हैं। इसके अलावा पासपोर्ट के मुकदमे में अकेले अब्दुल्ला को आरोपित बनाया है। इन मुकदमों की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ( मजिस्ट्रेट ट्रायल ) में चल रही है। मंगलवार को जन्म प्रमाण पत्र के मुकदमे में सुनवाई होनी थी। भाजपा नेता के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि नगर पालिका से अब्दुल्ला का जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ था या नहीं, इसके लिए नगर पालिका के उप रजिस्ट्रार रहे तेजपाल वर्मा को गवाही के लिए बुलाया गया था। उनकी गवाही पिछली तारीख पर हो गई थी। अब बचाव पक्ष द्वारा जिरह की जानी है। जिरह के लिए गवाह भी हाजिर रहे, लेकिन बचाव पक्ष द्वारा समय दिए जाने का अनुरोध किया, जिस पर अदालत ने अगली तारीख दे दी है।

# शहर में बिगड़ी यातायात व्यवस्था से मिलेगा छुटकारा

मुरादाबाद-महानगर में लड़खड़ाई यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने की कवायद होने लगी है। इससे निजात के लिए रास्ते तलाशे जा रहे है। ऐसी कारगर योजना पर सरकार का जोर है ताकि आने वाले दिनों में यातायात सुचारु रूप से दौड़ सके। बुधवार को शहर के यातायात सुधार पर व्यापक मंथन हुआ। शहर का कंप्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार कर रही अर्बन मॉस ट्रांसिट एजेंसी ने यातायात की मौजूदा और बीस साल तक सुधार का खाका पेश किया। प्रजेंटेशन से एजेंसी ने विभिन्न सुझावों के आधार पर 2041 का विजन रखा। प्लान से जुड़ी ड्राफ्ट की फाइनल रिपोर्ट भी दी गई। एजेंसी ने स्टडी व अन्य डाटा कलेक्शन से बेहतर यातायात का रोड मैप भी रखा। एजेंसी के मुताबिक शहर में मेन सड़कों पर बसों के आटो व ई रिक्शा को एकीकृत प्लान के जरिए संचालित हो। मोबिलिटी प्लान बना रही एजेंसी ने बेतरतीब यातायात के लिए इंटीग्रेटेड( एकीकृत )प्लान पर जोर दिया। शहर में मौजूदा सड़कें सीमित और अपेक्षाकृत कम चौड़ी है। पर अच्छी बात यह कि यहां के लोग पैदल को भी तैयार है। पर समस्या यह कि लोगों के लिए चलने के फुटपाथ नहीं है। ि दायरे में एरिया में आने जाने के लिए यातायात व्यवस्था का अभाव है। खासकर जाम की वजह हाईवे पर लगने वाला जाम है। रेलवे स्टेशन, माल गोदाम, रोडवेज का पुराना व नया बस अड्डा( पीतल नगरी ) के अलावा निजी बस स्टैंड व चौपहिया स्टैंड है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Price pricks


That was certain. For the past several days, it was feared that as soon as the voting for the assembly elections of five states is over, the announcement of hike in the prices of petrol, diesel and LPG will be made. Some opposition leaders were repeatedly warning voters through tweets and statements, it is another matter that voters did not give them much importance. But now that the price of LPG cylinder has been increased by 50 paise per liter and the retail price of petrol and diesel has been increased by 80 paise per liter, those fears have also proved to be true, and there is a new concern about the rise in inflation. Riding on the head. Significantly, on this Monday, the bulk purchase of diesel was increased by about Rs 25 per liter. It is bound to increase the pressure on the transportation and transportation resources of the goods and the burden will ultimately be borne by the consumers.“The immediate reason for the increase in the price of petro products is not hidden from anyone. The Russo-Ukraine war and Western sanctions on Russia, which has given rise to global instability, have pushed the price of crude oil above $ 118 a barrel in the international market. Rather, at one point it had touched the highest level of the last 13 years. In such a situation, the economic pressure on the oil companies was increasing day by day. It is also a matter of concern that it is going to be almost a month since this war started, and at the moment there is no sign of its end. As such, it was becoming increasingly difficult to keep the prices stable. However, the opposition alleges that when the government is still buying oil from Russia at a cheap price, then what was the need for it to increase the price at this time when people are suffering from Mali crisis?

But the reality is that India imports about 80 percent of its oil from Gulf countries and America-African countries. Therefore, much relief cannot be expected from buying from Russia. Then, imports from Russia also have deep diplomatic implications that the government cannot ignore.

“But it is also certain that inflation is becoming unbearable for the middle and low income group of the country. All economic parameters are telling that the epidemic has pushed a huge population of the country below the poverty line, unemployment has become a serious problem, in such a situation, even a partial increase in the price of food and drink is the plate and nutrition of crores of people. will have a direct impact. Since the price rise of petro products is directly related to the inflation of everyday items. Therefore, along with keeping its monitoring mechanism in place, the government will have to monitor the interests of the disabled people of the society. The current social turmoil in Sri Lanka and Pakistan is telling us how deadly inflation can be in the absence of income growth. The level of dissatisfaction in our society has also increased, the latest report of 'Happiness Index' confirms this. Therefore, there is now a need to make the pricing mechanism of petro products so transparent that it does not appear to be driven by political pressure if any drastic decision is taken according to the economy. Then there will be no scope for but-buts for anyone to accept their price rise.


## People's eyes were left open to see the bold avatar of 'Pammi Pehelwan' of 'Ashram', also gave competition to 'Babita' in hotness

New Delhi, Jnn. The character of 'Pammi Pehelwan' in the famous web series 'Ashram' has been well-liked. Actress Aditi Pohankar has played the strong role of 'Pummy Pehalwan' in the series. After doing this role, Aditi has come in a lot of discussion among the fans. Aditi may have played the role of a simple 'Pammi Pehelwan' in the show but in real life she is quite bold. Meanwhile, now a glamorous picture of Aditi remains in the discussion. This picture of the actress has caught everyone's attention on social media. 'Pummy Pehalwan' i.e. Aditi Pohankar has recently shared her latest pictures on her Instagram account. She is looking very hot in these pictures. In the pictures you can see that Aditi is wearing a red colored dotted crop top. A denim jacket is worn over this top, whose buttons are fully open from the front. At the same time, Aditi's flying hair in the air is making the actress's look even more special. Aditi is seen giving killer pose in front of the camera. These pictures of the actress have created a ruckus on the internet. So far these pictures have got a lot of views. By making these comments, fans are constantly seen praising Aditi's look. At the same time, fans are raining comments on these pictures of Aditi Pohankar by making fire, hot, heart emoji. On this a user wrote, 'Slim waist'. So while the other commented, called her a hottie. Someone wrote, 'Hotness overloaded.' Let us tell you that Aditi Pohankar played the role of Pammi, a simple wrestling girl in the web series 'Ashram'. His acting in the show has been highly praised. At the same time, the intimate scenes between Aditi and actor Bobby Deol were also very much discussed in the film.



## Seeing the new avatar of Bollywood actress Chitrangada Singh in the song 'Saiyaan', you will be blown away, this form was seen for the first time

Bollywood actress Chitrangada Singh, who was seen in the film Bob Biswas opposite Abhishek Bachchan, is seen in a new avatar in the single Song Saiyan. This song has been released by Vinod Bhanushali's music company Hitz. The theme of the song has been kept dark and gothic, in which Chitrangada's look looks quite sensual. The song Saiyan is sung by Asees Kaur, while its music is composed by Raees Jain. The lyrics of the song are written by Raees and Vicky Nagar. Rishabh Chauhan is seen with Chitrangada in the music video of the song. This is the first time that Chitrangada is seen in a single. In the music video, Chitrangada is seen riding a horse, with a snake wrapped around her neck, which makes this music video mediocre and rustic.



I remained. Its beats are very interesting. Asees Kaur's voice makes it even more interesting. The vibe of this song is excellent. We have tried to do something different with this music video.” Vinod Bhanushali of Hitz Music said that through Hitz Music we want to bring to the fore a variety of melodies. The sound and visuals of the song ‘Saiyaan’ are very different. From the melody of the song to the music video, everything has been specially composed for her. Asees Kaur's magical voice makes the song even better. While, Asees Kaur said that the song 'Saiyaan' is very beautiful. It is a fresh and non filmy song. I had a lot of fun singing this song. Never tried like this before. The song has been released on YouTube channel of Hitz Music.

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# परिवार से बिछड़े मासूम का एक बार फिर खाकी बनी सहारा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अलीगंज पुलिस द्वारा गस्त करते समय गांधी मूर्ति चौराहे पर एक चार? वर्षीय बालिका रोती हुई मिली जो अपना नाम पता बताने में असमर्थ थी, आसपास लोगों से उक्त बालिका के परिजनो के बारे मे जानने का प्रयत्न किया
किन्तु कोई सफलता हासिल नही हो सकी। तब अलीगजं पुलिस द्वारा एस-10 के माध्यम से कस्बा अलीगंज के समस्त मौहल्ले वालों के मोबाइल नम्बरों से वार्ता कर तत्परता दिखाते हुए काफी प्रयास के बाद उक्त बालिका को उसके परिजनों को सकुशल के सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की परिवार वालों तथा आमजन द्वारा भूरि- भूरि प्रशंसा की गई।

# हत्या के प्रयत्न की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- थाना राजा का रामपुर पुलिस को मिली सफलता थाना राजा का रामपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयत्न की घटना में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अलीगंज सिंह के नेतृत्व में थाना राजा का रामपुर द्वारा हत्या के प्रयत्न की घटना में थाना राजा का रामपुर पर पंजीकृत मुअस-2/22 धारा 147,148,149,452 ,307, 352, 427, 323, 504,506, 427/34 भादवि में वांछित चल रहे अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# एटा मथुरा मैनपुरी सीट से भाजपा के दोनो उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

## सपा प्रत्याशियों के नामाकंन निरस्त ,लगा बधाईयों का तांता खुशी की लहर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- विधान परिषद् की एटा मथुरा मैनपुरी की दोनो सीटों पर कल सोमवार को भाजपा एवं सपा के उम्मीदवारों द्वारा कलेक्ट्रेट मुख्यालय स्थिति रिटर्निंग ऑफीसर अंकित अग्रवाल के कक्ष में नामाकंन दाखिल करने के बाद आज मगंलवार को जांच के दौरान सपा उम्मीदवार उदयवीर सिहं धाकरे एवं राकेश यादव के नामाकंन पत्र कुछ कमियां पाये जाने पर रिटर्निंग ऑफीसर अंकित अग्रवाल जिलाधिकारी द्वारा निरस्त कर दिऐ गऐ हैं ! सपा के उम्मीदवारों के नामाकंन पत्रों के निरस्त होने के बाद भाजपा के दोनो उम्मीदवारों में आशीष यादव आशू एवं ठा. ओमप्रकाश सिहं निर्विरोध निर्वाचित हो गऐ है ! रिटर्निंग ऑफीसर अंकित अग्रवाल के निर्देश पर नामाकंन पत्रों को निरस्त करने की सूचना को सार्वजनिक तौर पर नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है ! कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर विधान परिषद् की दोनो सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचन की सूचना मिलते ही एटा मथुरा मैनपुरी कासगंज जिले के भाजपाईयों में खुशी की लहर दौड गई है ! भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन सहित विधायक मारहरा वीरेन्द्र सिहं लोधी व सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड एवं जलेसर विधायक संजीव दिवाकर तथा अलीगंज के विधायक ठा. सत्यपाल सिंह राठौर सहित अलीगंज नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार गुप्ता उर्फ राजू व भाजपा के कद्दावर नेता प्रमोद गुप्ता तथा अलीगंज नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मन्डल के अध्यक्ष ठा. अजयपाल सिंह बंटी ठाकुर एवं महामंत्री पं. विजय दीक्षित के अतिरिक्त भाजपा के कद्दावर नेता नरेंद्र देव उपाध्याय, विक्रांत माधौरिया, विहिप नेता एवं भारतीय किसान विकास मंच के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व हरियाणा के प्रभारी राजू आर्या ने एमएलसी सीट से निर्विरोध निर्वाचित आशीष यादव आशू पूर्व विधायक एवं ठा ओमप्रकाश सिहं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मथुरा को लख लख बधाईयां दी है ! इधर दोनो भाजपा उम्मीदवारों के निर्वाचन से एटा मथुरा मैनपुरी कासगंज के भाजपाईयों में हर्ष की लहर दौड गई है तथा जगह जगह मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया जा रहा है ! नगर के गांधी मार्केट स्थित विधान परिषद् के पूर्व सभापति श्री रमेश बाबू यादव के आवास सुन्दर भवन पर जश्न का माहौल है

# पशुचिकित्सालय में बच्चे की साइकिल मिलने पर, आक्रोशित ग्रामीणो ने लगाया जाम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एटा जलेसर कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला घनश्याम के गायब हुए एक 14 वर्षीय बच्चे की जलेसर के पशु चिकित्सालय से बच्चे की साईकल बरामद होने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा नगर के निधौली चौराहे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक द्वारा ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद जाम खुल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली जलेसर क्षेत्रान्तर्गत गांव नगला घनश्याम निवासी भूरे सिंह का 14 वर्षीय पुत्र रघुनंदन गत रविवार को शाम तीन बजे घर से साइकिल लेकर निधौली चौराहा की ओर आया था। देर शाम तक घर नही पहुंचने पर परिजनों द्वारा उसकी काफी खोजबीन की गई। मगर कोई सुराग नही लग सका। घटना के सम्बंध में परिजनों द्वारा पुलिस कोतवाली जलेसर में तहरीर भी दी जा चुकी है। मंगलवार को सुबह परिजनों को जलेसर के निधौली रोड स्थित सरकारी पशु चिकित्सालय के अन्दर रघुनंदन की साईकल रखी होने की जानकारी मिली। परिजनों सहित गांव के लोगो ने पशु चिकित्सालय आकर वहाँ मौजूद कर्मियों से साईकल के बारे में पूछताछ की। कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने करीब आठ बजे पशु चिकित्सालय के नजदीक निधौली चौराहा पर जाम लगा दिया। जिससे सभी मार्गो का आवागमन ठप्प हो गया। सूचना मिलते ही पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद के ग्रामीणो को साईकल बरामदगी के सम्बंध में पशु चिकित्सा लय के कर्मचारियों से पूछताछ कर कार्वाइ किये जाने का आश्वासन दिए जाने पर ग्रामीणो ने जाम खोला। जलेसर गायब हुए एक 14 वर्षीय बच्चे की पुलिस जांच पड़ताल में जुटी तब निधौली चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे को पुलिस ने देखा वही रविवार को गांव हुए बालक की सीसीटी कैमरे में साइकिल ले जाते हुए दिखाई दे रहा है उसी दिन से वह घर नहीं पहुंचा है इसकी परिजनों ने सूचना जलेसर पुलिस को दी थी।

# पीएसी ,पुलिस के साथ नगर की गलियों में किया फ्लेग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- सीओ सिटी ने पीएसी,पुलिस के साथ नगर की गलियों में किया फ्लेग मार्च एटा आज दिनांक 22 मार्च को सायं करीब 8 बजे पीएसी, पुलिस बल के साथ नगर की गलियों में मौहल्ला प्रेमनगर से होते हुऐ नईबस्ती शिवगंज होते हुऐ गांधी मार्केट की तरफ फ्लेग मार्च किया कुछ समय पूर्व दिनांक 19 मार्च को अराजक तत्वों ने 4 बाइक पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुऐ व फायरिंग करते हुऐ श्याम गेस्ट बाली गली से होते हुए भगीपुर व नईबस्ती शिवगंज से होते हुऐ गांधी मार्केट की तरफ निकल गए थे जिसके कारण लोगों में भय व्याप्त था जिसकी सूचना लगी थी उक्त खबर के मद्दे नजर आज सीओ सिटी कालू सिंह ने नगर की छोटी छोटी गलियों में किया फ्लैग मार्च

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में
संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पर्यटन को बढ़ावा देने कलेक्टर की पहल पर बन रही कार्य योजना

**झरना, गुफा, बांध आदि पर्यटन स्थलों से बन रही जिले की पहचान**



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- नवगठित जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप जिले की पर्यटन स्थालों को विकासित करने के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विभिन्न पर्यटन स्थलों का निरीक्षण कर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए है। जिले में मुख्यरूप से राजमेरगढ़, कबीर चबूतरा, झोझा झरना, जोगी गुफा, मलानिया बांध, घाघरा बांध, सोनकुंड, बेनी बाई सहित कई अन्य स्थलों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए टूरिस्ट कंपनियों के साथ काम शुरू हो गया है। आने वाले समय में पर्यटन के क्षेत्र में जिले की नयी पहचान स्थापित होगी। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने की जा रही पहल के तहत 12 एवं 13 मार्च को पहली बार मलनिया डैम में रात्रि शिविर का आयोजन किया गया। चादनी रात में अनगिनत तारों के बीच डैम में प्रदर्शित अद्भुत दृश्य दिल्ली, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से आए पर्यटकों को बेहद आकर्शित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ऋचा चंद्राकर एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# अमरिया क्षेत्र में यूपी बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारियां पूरी




सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पीलीभीत -तहसील अमरिया क्षेत्र में यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं पीलीभीत तहसील अमरिया तहसील क्षेत्र में यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अमरिया क्षेत्र के 10 केंद्रों पर परीक्षा होनी है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए प्रशासन भी सख्त नज़र आ रहा है। जिसको लेकर तैयारियां जोर शोर से की गई हैं।

24 मार्च से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होनी है। जिसमें तमाम छात्र छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। बोर्ड परीक्षा को नकल भीन और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए प्रशासन पूरी तरीके से नजर बनाए हुए हैं। और सतर्कता बरत रहा है। मजिस्ट्रेटों की भी ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा के दौरान पुलिस कर्मचारियों की भी तैनाती रहेगी। सचल दल परीक्षा केंद्र पर औचक छापेमारी की कार्रवाई भी करेगा। जिसको लेकर सचल दल में तैनात कर्मचारियों की ड्यूटीआ लगाई गई है। अमरिया तहसील क्षेत्र में 10 केंद्रों पर परीक्षा होगी जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज अमरिया, दी ग्रेट इंटर कॉलेज अमरिया, गुरु नानक इंटर कॉलेज भैंसहा, जी एम इंटर कॉलेज अमखिडियां, एस एम एस ई स्कूल धनकुना, इकरा मॉडर्न इंटर कॉलेज हररायपुर, नेशनल इंटर कॉलेज सरैदा पट्टी, गारमेंट हाई स्कूल टोडरपुर, जी एस यू एम बी स्कूल माधोपुर, एनआईसी स्कूल गुलरिया भिंडारा, 10 केंद्र पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे।

# पूर्व सभापति ने मुख्यमंत्री से की सड़क दुर्घटना में हुए मृत्यु का मुआवजा 50-50 लाख दिलाने की मांग

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- उल्लेखनीय है कि पारिवारिक अनुष्ठान के लिए जिले के वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र दुबे अपने जेष्ठ पुत्र माता जी एवं पत्नी को साथ लेकर कार से छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश मार्ग से जा रहे थे कार उनका जेष्ठ पुत्र नवीन दुबे चला रहा था अचानक उत्तर प्रदेश बभनी थाना अंतर्गत मधु टिकरा के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी इस भीषण दुर्घटना में उनकी पत्नी देवी रूपा दुबे, मां मानमती दुबे तथा जेष्ठ पुत्र नवीन की इस भीषण हादसे में मौत हो गई थी। छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश सीमा पर हुए इस दर्दनाक हादसे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले के वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र दुबे के बेहतर इलाज के निर्देश भी दिए थे अंबिकापुर



के एक निजी अस्पताल में सरगुजा कलेक्टर ने स्वयं पहुंचकर घायल पत्रकार का हालचाल जाना तथा मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करने के लिए स्वयं उपस्थित रहे। इस खबर ने सूरजपुर जिले वासियों को झकझोर कर रख दिया था। इस दुर्घटना में मृतक परिजनों के लिए जिला पंचायत सूरजपुर की पूर्व सभापति साल्हो भास्कर ने जिले के कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा अपने ज्ञापन में बताया मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन से 50- 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की है। प्रदेश के मुखिया उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी पहुंचकर 50 50 लाख मुआवजा दुर्घटना में मृतकों को दिए हैं एवं पत्थलगांव में भी हुए दुर्घटना पर मुआवजा दिए हैं तो यह सूरजपुर जिले से संबंधित घटना है इस घटना से सूरजपुर जिले वासी बेहद दुखी हैं। अपने प्रदेशवासियों की संवेदना का ख्याल प्रदेश के मुखिया को देने की जरूरत है। अब देखने वाली बात होगी कि प्रदेश के मुख्यमंत्री इस मांग पत्र पर क्या विचार करते हैं। जिले के तेजतर्रार समाज सेवक सीताराम भास्कर ने स्वयं कलेक्टर सूरजपुर से मुलाकात कर जल्द से जल्द मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है

# खाना गिरा देने की बात को लेकर पत्नी की हत्या करने वाला हत्यारा पति गिरफ्तार, चौकी रेवटी पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ग्राम डांडकरवां निवासी राजेश खैरवार ने चौकी रेवटी में उपस्थित होकर सूचना दिया कि इसकी पत्नी सीता कुंवर शराब का सेवन की थी जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई है। सूचना पर मर्ग क्रमांक 11/22 कायम कर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पंचनामा बाद मृतिका के शव को पी.एम. के लिए भेजा गया। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर के द्वारा मृतिका की मृत्यु हत्यात्मक प्रकृति का होना लेख किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने चौकी प्रभारी को अपराध पंजीबद्ध करते हुए बारीकी से प्रत्येक पहलुओं पर जांच कर आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी



प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में चौकी रेवटी की पुलिस ने जांच के दौरान मृतिका के पति राजेश से पूछताछ करने पर उसने बताया कि सोमवार को घर में बनाए खाना को पत्नी के द्वारा गिरा देने पर आवेश में आकर मृतिका के साथ मारपीट कर सिर को पकड़कर दिवाल में तेज गति से टकरा दिया, चोट लगने से पत्नी की मृत्यु हो गई। आरोपी के द्वारा घटना के तथ्यों को छुपाते हुए मृतिका की मृत्यु शराब पीने से होने की सूचना दिया। मामले में आरोपी राजेश खैरवार पिता सोनसाय उम्र 30 वर्ष निवासी डांडकरवां के विरूद्ध धारा 302, 201 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी रेवटी के.डी.बनर्जी, प्रधान आरक्षक रामकुमार पैंकरा, अखिलेश यादव, शैलेन्द्र सिंह व नगर सैनिक रामाशंकर पोर्ते सक्रिय रहे।

# मोबाइल चोरी का सहआरोपी गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पिछले साल मार्च महीने में मित्तल मोबाइल दुकान में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा दुकान का ताला तोड़कर 4 नग ओप्पो कंपनी का महंगा मोबाइल चोरी कर लिया गया था जिस पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 81/21 धारा 457,380 भादवी का कायम कर विवेचना किया जा रहा है पुराने लंबित अपराधों के निराकरण हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय गौरेला पेण्ड्रा मरवाही श्री त्रिलोक बंसल द्वारा दिशा निर्देश दिया गया था जिस पर अति.पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं ह्मस्त्रश्च्श्च गौरेला श्री अशोक



वाडेगावकर के द्वारा समीक्षा कर थाना प्रभारी गौरेला और साइबर सेल की टीम को इस पर नए सिरे से काम करने हेतु निर्देशित किये थे जिस पर साइबर सेल के द्वारा चोरी गए मोबाइल को ट्रेस करना शुरू किया गया तो पता चला कि चोरी गए मोबाइल में से एक मोबाइल को बिजरवार निवासी सुराम सिंह वाकरे चला रहा है तब तत्काल उसकी धरपकड़ कर पूछताछ करने पर बताया कि पिछले साल मार्च माह में इसका भाई गुलाब सिंह वाकरे जो अभी पेण्ड्रा के एक चोरी के मामले में जेल में है उसने गौरेला के किसी मोबाइल दुकान से 4 मोबाइल चोरी करके इसको रखने दिया था जिसमे से एक यह चलाने लगा।बाकी 3 मोबाइल को सुराम अपने घर से निकाल कर दिया। जिसे जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है एवं मुख्य आरोपी गुलाब सिंग वाकरे को विधिक प्रक्रिया के तहत अलग से गिरफ्तार किया जाएगा।

## डॉक्टर मंजूनाथ टीसी को रूद्रपुर एसएसपी बनने पर विशाल युवा हिंदू वाहिनी संगठन के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी





दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर-श्रीमान मंजूनाथ टीसी एसएसपी रूद्रपुर उधम सिंह नगर एसपी बनने पर विशाल युवा हिंदू वाहिनी संगठन के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी

काफी विषय में लेकर चर्चा की गई विशाल युवा हिंदू वाहिनी संगठन के लिए दिन-रात सहायता करने की एसएसपी साहब ने अनुशासन दिया उनके लिए हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद जिसने मौजूद राष्ट्रीय मंत्री दीपक कुमार पांडे प्रदेश मंत्री महेश कुमार वर्मा प्रदेश मीडिया प्रभारी दुर्गा प्रसाद तिवारी प्रदेश संगठन मंत्री ओमपाल मौर्य दिनेश पांडे जी हमारे साथी मौजूद रहे

## पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शहीदी दिवस पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर-पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शहीदी दिवस पर समर्थकों के साथ शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु सहित देश के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए महापुरुषों को नमन करते हुए उनकी प्रेरणाओं को अपने जीवन मे उतारने का आहवान किया। ठुकराल ने कहा कि भारत के महान क्रांतिकारी भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु देश की प्रेरणा के पुंज हैं। 23 मार्च को देश के उन तीन सुपूतों को नमन करते हुए शहीद दिवस मनाया जाता है। 23 मार्च 1931 को भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा सुनाई गई थी। इस अवसर पर संजय ठुकराल, त्रिलोचन सिंह, राजवीर सिंह विर्क, चन्द्रप्रकाश सक्सेना, आनन्द बिष्ट, अखिल विश्वास, हिमांशु मिड्डा, राजू भुसरी, आनन्द शर्मा, आशीष छाबड़ा, बल्देव ग्रोवर, नीलरत्न बढ़ाई, गोविंदा साहनी, हरभजन सिंह, गुरदीप सिंह, बलजीत सिंह, बललू प्रजापति, सुदीप सिंह, मनीष ठुकराल, राजू अनेजा, सूरज आर्या, राज कोली, जगदीश सुखीजा, राजेश ग्रोवर, गोविंद राय, रविन्द्र धर, भुवन गुप्ता, डात्र राकेश सिंह, रामकुमार गुप्ता, रजत गुप्ता, देवेश कुमार, कमल सैनी, आदित्य शर्मा, खेमानंद रस्तौगी, अशोक रस्तौगी, सुधीर रस्तौगी, बबलू रस्तौगी, सुरेन्द्र शर्मा, महेन्द्र आर्या, कमल राणा, बंटी चावला, राजेन्द्र थापा, हरीश राणा आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।


## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

| एन.राज शर्मा | निशाकांत शर्मा | सुमित गुप्ता |
| --- | --- | --- |
| प्रधान संपादक | सहसंपादक | क्यूँ न लिखूँ सच |
| 9027776991 | 7906743371 | 9458664527 |


## एनएच के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिं हनगर महोदय द्वारा एनएच के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें डॉ0 मंजूनाथ टी0सी0 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर महोदय द्वारा आम जन की सुविधाओं हेतु एनएच के अधिकारियों के साथ मीटिंग की गयी। मीटिंग में महोदय द्वारा एनएच के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर लिए जायें। जिससे आम जनमानस को कोई असुविधा न हो।मिटिंग में एनएच अधिकारियों द्वारा सहमति दी गयी कि इन्द्रा चौक से मा0 जिला न्यायालय रुद्रपुर तक डामरीकरण का कार्य दि0 28/03/2022 तक दो लेन में किया जायेगा, तथा दूसरी तरफ की दो लेन पर डामरीकरण का कार्य 10/04/2022 तक पूर्ण किया जायेगा।मा0 जिला न्यायालय रुद्रपुर के आगे सीमेंट कंक्रीट का कार्य 10/04/2022 तक पूर्ण किया जायेगा। मीटिंग में परियोजना निदेशक योगेन्द्र शर्मा, टीआई रुद्रपुर विजय विक्रम, सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट व अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


## किच्छा पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



रुद्रपुर- श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उधम सिंह नगर के अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना किच्छा पुलिस द्वारा दिनांक 23.03.2022 को वारंटी अभियुक्त साजिद खान पुत्र अजीज खान निवासी दरऊ थाना किच्छा जनपद उधम सिंह नगर को अंतर्गत धारा 138 एनआई एक्ट में गिरफ्तार किया । अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय से धारा 82/ 83 सीआरपीसी की उद्घोषणा जारी थी। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम 1. उप निरीक्षक बसंत प्रसाद,2. कॉन्स्टेबल अशोक कुमार 3. कांस्टेबल आनंद ग्वासा कोठी

## भागवत कथा के लिए लगाए गए पंडाल में लगी आग,आग से करीब एक लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा -शहर के कटरा मुहल्ले में भूपत बाबू की कोठी के सभी मुहल्ले वासियों के सहयोग से भागवत कथा कराई जा रही थी। दो दिन की कथा की समाप्ति के बाद मध्य रात्रि को कथा के लिए गए पंडाल में अचानक आग लग गई। वही पास में सोए हुए लोगो ने कड़ी मेहनत कर आग में काबू पाया।मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी आग की वजह से व्यास गद्दी टेंट के गद्दा फर्श चांदनी आदि पूरी तरह से जल गए जो लगभग एक लाख रुपए के होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सभी लोगो द्वारा उक्त स्थान की सफाई की जा रही है जिससे आगे की कथा सुचारू रूप से चलती रहे।

## शहीदी दिवस : ठाकुरद्वारा में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को किया याद कर,श्रद्धासुमन अर्पित किए




नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा में शहीद ए आजम भगत सिंह को याद किया गया। विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने शहीद भगत सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

ठाकुरद्वारा में बुधवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी गई वहीं कई सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए उन्होंने शहीदी दिवस पर भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु को याद किया देश के इन तीनों सपूतों की बुधवार को पुण्यतिथि मनाई गई देश की आजादी की लड़ाई के लिए भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु ने 23 मार्च 1931 को हंसते-हंसते प्राणों का बलिदान दिया था तभी से हर साल 23 मार्च को देश में शहीदी दिवस के तौर पर मनाया जाता है इस मोके पर डा 0 सईद, सगीर , बारिस खान, व अन्य कई सामाजिक संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## होटल के अंदर का नजारा देखकर चौंक गए एसडीएम, कमरे में मिले 12 लड़के और 8 लड़कियां

यूपी के अंबेडकरनगर जिले की इल्तिफ़ातगंज रोड पर स्थित होटल बख्तावर पर छापा मार कर एसडीएम अकबरपुर ने आठ लड़कियों और 12 लड़कों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है। बुधवार को अकबरपुर एसडीएम पवन कुमार जायसवाल ने अचानक छापा मारकर बख्तावर होटल से आठ लड़कियों और 12 लड़कों को अलग अलग कमरों से गिरफ्तार किया है। कई दिनों से यहां पर अनैतिक कार्यों की शिकायत मिल रही थी। आरोप है अकबरपुर कोतवाली पुलिस मामले से अनजान बनी हुई थी। एसडीएम के छापे के बाद नगर के होटलों में खलबली मच गई। गिरफ्तार किए गए सभी लड़कों और लड़कियों को अकबरपुर कोतवाली ले आया गया। युवतियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है लेकिन सभी को उनके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया जाएगा। जिससे भविष्य में इस तरह की किसी भी हरकत से बचें। पुलिस को और अधिक सख्ती के साथ चेकिंग चलाने और कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया है।

## मैं सरेंडर कर रहा हूं, पुलिस मुझे गोली न मारे; गले में तख्ती टांगकर थाने में पहुंचा हत्या का आरोपी



यूपी में अपराधियों में पुलिस का डर साफ नजर आ रहा है। योगी की शपथ से पहले कई अपराधी गले में तख्ती टांग कर थाने पहुंचे और सरेंडर कर दिया। इसी तरह का एक और मामला आगरा से सामने आया है। यहां हत्याकांड का आरोपी पुलिस कार्रवाई के डर से थाने में सरेंडर करने पहुंच गया। दूसरे अपराधियों की तरह इस हत्यारोपी ने भी गले में तख्ती टांग रखी थी, जिसमें लिखा था मैं आत्मसमर्पण कर रहा हूं। मुझे पुलिस गोली न मारे। यह पंक्तियां लिखी अपील को गले में तख्ती टांगकर एक युवक थाने में पहुंचा और स्वयं को पुलिस को सौंप दिया। युवक हत्या के एक मुकदमे में वांछित चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिशें दे रही थी। अपील के साथ सरेंडर करने की घटना नगर में चर्चा का विषय बनी रही और सभी लोग कानून व्यवस्था की सख्ती और प्रदेश सरकार के अपराधियों के प्रति कडे रवैये की दाद देते नजर आए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत एएसपी के पर्यवेक्षण और सीओ कमलेश कुमार के नेतृत्व में सिरसागंज पुलिस हत्या सहित आधा दर्जन मुकदमों में वांछित चल रहे अभियुक्त हिमांशु उर्फ हनी पुत्र संजय कुमार यादव उर्फ गुड्डू निवासी सीएल वाटिका कस्बा अरांव थाना सिरसागंज को तलाश रही थी। इसके लिए पुलिस की टीम द्वारा कई बार संभावित ठिकानों पर दबिशें भी दी गई थीं। पुलिस की कडी कार्यवाही से भयाकुल अभियुक्त हिमांशु बुधवार को थाने पहुंचा और स्वयं को पुलिस के हवाले कर दिया। लेकिन इन सब में उसके गले में लटकी एक तख्ती ने न सिर्फ पुलिसकर्मियों का बल्कि आसपास के राहगीरों का ध्यान भी अपनी ओर खींच लिया। तख्ती पर लिखा था कि मैं आत्मसमर्पण कर रहा हूं और पुलिस मुझे गोली न मारे। अपराधी पुलिस को इस तरह के भय को देख सभी कानून व्यवस्था की तारीफ करते और इसका श्रेय प्रदेश सरकार के कड़े रवैये को देते नजर आये।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991